श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 136, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 22 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## यमुना एक्सप्रेस वे पर कंटेनर से टकराने के बाद कार में लगी आग, पांच लोग जिंदा जले

**खंदौली थाना क्षेत्र में किमी 160 पर हुआ दर्दनाक हादसा। कार में बचे पांच कंकाल एक बच्चा एक महिला और तीन पुरुषों के जलने की आशंका। स्विफ्ट डिजायर कार नंबर यूपी 32 केवी 6788 आगरा से नोएडा की ओर जा रही थी।**



**आगरा, जागरण संवाददाता।** यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया। आगरा से नोएडा की ओर जा रही कार किमी 160 पर आगे जा रहे कंटेनर के डीजल टैंक से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। इसमें सवार लोगों को बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिला। कार सवार पांच लोग जिंदा जल गए। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। तब तक कार सवारों के कंकाल बचे हैं। कार लखनऊ नंबर की है। डीएम प्रभु एन सिंह और एसएसपी बबलू कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। कार में जले लोगों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

हादसा तड़के साढ़े चार बजे हुआ। स्विफ्ट डिजायर कार नंबर यूपी 32 केवी 6788 आगरा से लखनऊ की ओर जा रही थी। पुलिस के मुताबिक किमी 160 पर खंदौली थाना क्षेत्र में आगे एक कंटेनर चल रहा था। चालक ने कंटेनर को अचानक मोड़ दिया। कार तेज रफ्तार में थी। वह अनियंत्रित होकर कंटेनर के डीजल टैंक से जा टकराई। इसके बाद कार में भीषण आग लग गई। कार सवारों में चीख पुकार मच गई। कार सेंट्रल लाक हो जाने के कारण लाक नहीं खुल सका। पास में ही यमुना एक्सप्रेस का बूथ है। इसमें एक कर्मचारी निगरानी को रहता है। उसने पुलिस को सूचना दे दी। तब तक कंटेनर छोड़कर चालक भाग चुका था। कार में थोड़ी देर में भी आग की लपटें उठने लगीं। इसमें फंसे हुए लोग बाहर नहीं निकल सके। फायर ब्रिगेड ने जब तक पहुंचकर कार की आग बुझाई इसमें सवार पांच लोग कंकाल बन गए। पुलिस का कहना है कि जिंदा जलने वालों में एक बच्चा, एक महिला और तीन पुरुष प्रतीत हो रहे हैं। कार के नंबर से शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नहीं रहे दिग्गज कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा, 93 साल की उम्र में निधन, पीएम मोदी समेत सियासी हस्तियों ने जताई शोक संवेदना



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** गांधी परिवार के करीबी नेताओं में शामिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा का सोमवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। कोरोना से ठीक होने के बाद फेफड़े में संक्रमण से सांस फूलने व ब्लड प्रेशर कम होने के कारण 19 दिसंबर को उन्हें ओखला स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती किया गया था, जहां सोमवार दोपहर 3:52 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

बुजुर्ग कांग्रेस नेता का पार्थिव शरीर शाम साढ़े छह से आठ बजे के बीच अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास स्थान सात साउथ एवेन्यू में रखा गया। अंतिम संस्कार छत्तीसगढ़ में होगा। वह मोहन नगर, दुर्ग के मूल निवासी थे। उनका जन्म 20 दिसंबर, 1928 को राजस्थान के नागौर जिले में हुआ था। परिवार में चार बेटियां व दो बेटे हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करते हुए 1968 में उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। उस वर्ष वह दुर्ग नगर निगम में पार्षद निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 1972, 1977 और 1980 में विधानसभा सदस्य चुने गए और उन्होंने 1980 में अर्जुन सिंह मंत्रिमंडल में उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाली।

मार्च, 1985 से फरवरी, 1988 तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने के बाद 14 फरवरी, 1988 में केंद्र के स्वास्थ्य परिवार कल्याण और नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कार्यभार संभाला। अप्रैल 1988 में मोतीलाल वोरा राज्यसभा के लिए चुने गए। जनवरी, 1989 से दिसंबर, 1989 तक दूसरी बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। 26 मई, 1993 से 3 मई 1996 तक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे।

मोतीलाल वोरा के निधन पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस की अंतरिम राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, महासचिव प्रियंका वाड्रा, राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने ट्वीट कर शोक जाहिर किया है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोरा के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि वोरा जी एक सच्चे कांग्रेसी और अद्भुत इंसान थे। उनके निधन से भारी क्षति हुई है। वह हमें बहुत याद आएंगे। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा कि श्री मोतीलाल वोरा जी उन वरिष्ठतम कांग्रेसी नेताओं में से थे जिनके पास दशकों तक राजनीतिक कॅरियर में व्यापक प्रशासनिक और संगठनात्मक अनुभव था। उनके निधन से बहुत दुख हुआ। उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति मेरी शोक संवेदना। ओम शांति...


## शीतलहर की चपेट में पूरा उत्तर प्रदेश, कड़ाके की सर्दी में छह लोगों ने तोड़ा दम



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की सर्दी अब जानलेवा साबित हो रही है। सर्दी के चलते कानपुर देहात में कक्षा सात के छात्र और आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई। वहीं, हमीरपुर और चित्रकूट में दो किसानों की मौत हो गई। प्रयागराज और प्रतापगढ़ में एक-एक मौतों के साथ प्रदेश में ठंड से दम तोड़ने वालों की संख्या छह पहुंच गई है। मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता के मुताबिक ठंड का प्रकोप अभी जारी रहेगा। राजधानी लखनऊ समेत पूरा प्रदेश ठंड की चपेट में है। उत्तरी-पश्चिमी हवा गलन बढ़ा रही है। कोहरा भी छाया हुआ है। कई जिलों में शीतलहर चल रही है। सर्दी के चलते कानपुर देहात के सिकंदरा में कक्षा सात के छात्र ऋषभ और संदलपुर ब्लाक के जौरवा निवासी आठ साल के धनंजय की मौत हो गई। वहीं चित्रकूट में खेत में फसल की रखवाली करने गए दराई मजरा चुरेह केशरूवा निवासी किसान 58 वर्षीय राममिलन की मौत हो गई।हमीरपुर के राठ में खेत गए किसान उमेश राजपूत को सर्दी लग गई और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। दूसरी ओर, प्रतापगढ़ के कंधई थाना क्षेत्र के परानपुर में रहने वाले रामसरन यादव (62) की तबीयत रविवार रात 11 बजे बिगड़ी। प्रयागराज स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान तड़के तीन बजे प्राणपखेरू उड़ गए। प्रयागराज के होलागढ़ थाना अंतर्गत दहियावां बाजार निवासी तूफानी (30) ने सोमवार सुबह दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने ठंड से ब्रेन हैमरेज की बात कही है। जिले में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम था। हालांकि, सोमवार को कानपुर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी दर्ज हुई, लेकिन शीतलहर में कमी नहीं हुई। अभी जारी रहेगा ठंड का प्रकोप : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के मुताबिक कानपुर में अधिकतम तापमान 22.2 और न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं, लखनऊ में सोमवार को अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री से ल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.9 डिग्री नीचे रहा। न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.3 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता के मुताबिक ठंड का प्रकोप अभी जारी रहेगा। इन जिलों में गिरा पारा : प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आ रही है। सोमवार को बाराबंकी के न्यूनतम तापमान में 4.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। बहराइच में 5.7 डिग्री तक न्यूनतम पारा सामान्य से नीचे गिर गया। ऐसे ही हरदोई में 4.4 डिग्री पारा लुढ़क गया। लखीमपुर खीरी में 4.8 डिग्री और गोरखपुर में 3.4 डिग्री तापमान नीचे आ गया। ऐसे ही शाहजहांपुर में 7.6, बरेली में छह डिग्री पारा नीचे आया। इन जनपदों के अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

## यूपी में 28 नई नगर पंचायतों का गठन, योगी सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन प्रस्तावों को दी मंजूरी

**यूपी की योगी सरकार ने राज्य में 28 नई नगर पंचायतों के गठन का फैसला लिया है। इसके साथ ही नौ नगर पालिका परिषदों और 12 नगर पंचायतों की सीमा विस्तार का भी निर्णय किया है। नगरीय निकायों से जुड़े इन प्रस्तावों को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दी गई है।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य में 28 नई नगर पंचायतों के गठन का फैसला लिया है। इसके साथ ही नौ नगर पालिका परिषदों और 12 नगर पंचायतों की सीमा विस्तार का भी निर्णय किया है। नगरीय निकायों से जुड़े इन प्रस्तावों को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दी गई है। गोरखपुर और वाराणसी के नगर निगम क्षेत्रों की सीमा विस्तार के प्रस्तावों को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने सोमवार को बताया कि यूपी के कुल 276 राजस्व गांवों को शामिल करते हुए 28 नई नगर पंचायतों का सृजन किया गया है। कुल 102 राजस्व ग्रामों को नगरीय क्षेत्र में शामिल करते हुए नौ नगर पालिका परिषदों की सीमा का विस्तार किया गया है। वहीं 77 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित करते हुए 12 नगर पंचायतों का सीमा विस्तार किया गया है।

इनके अलावा नगर निगम गोरखपुर में एक और नगर निगम वाराणसी में नौ राजस्व गांवों को शामिल करते हुए इन दोनों नगर निगमों की सीमा का विस्तार किया गया है। इन फैसलों के बाद अब प्रदेश में कुल नगरीय निकायों की संख्या 735 हो गई है, जिनमें 518 नगर पंचायतें, 200 नगर पालिका परिषदें और 17 नगर निगम शामिल हैं।

**नगरीय आबादी और क्षेत्रफल बढ़ा :** नए निकायों के गठन और विस्तारीकरण के बाद प्रदेश में नगरीय जनसंख्या में 9,05,700 की वृद्धि हुई है। नगरीय निकायों के क्षेत्रफल में 57,474 हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है।

**उप्र में राष्ट्रीय स्तर से कम शहरीकरण :** टंडन ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर शहरी क्षेत्र 31.16 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह मात्र 22 फीसद है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 के सर्वे में विश्व स्तर पर नगरीकरण 54 प्रतिशत था। वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर शहरीकरण की तुलना में उत्तर प्रदेश काफी पीछे है। इस पृष्ठभूमि में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में शहरीकरण को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि शहरी क्षेत्रों में अवस्थापना तथा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करते हुए उनका सुनियोजित विकास किया जा सके।

**इन नई नगर पंचायतों का गठन :** कंचौसी (कानपुर देहात), असोथर (फतेहपुर), रामसनेही घाट (बाराबंकी), ढकवां व रामगंज (प्रतापगढ़), चरवा (कौशांबी), महमूदपूर माफी (मुरादाबाद), सूजाबाद (वाराणसी), सैदन गली (अमरोहा), जवां सिकंदरपुर, गभाना, टप्पल व बरौली (अलीगढ़), मऊ (चित्रकूट), राजे सुल्तानपुर व जहांगीरगंज (अंबेडकरनगर), कैसरगंज (बहराइच), रटौल (बागपत), रतसड़ कलां (बलिया), कप्तानगंज, मुंडेरवा, गणेशपुर व नगर बाजार (बस्ती), कलान (शाहजहांपुर), खिरौनी (सुचित्तागंज) व कुमारगंज (अयोध्या), अचलगंज (उन्नाव), चौक (महाराजगंज)।

**इन नगर पालिका परिषदों का सीमा विस्तार :** चित्रकूट, कन्नौज, भदोही, जायस (अमेठी), पुखरायां (कानपुर देहात), बहराइच, नवाबगंज (बाराबंकी), गौराबरहज (देवरिया) व मारहरा (एटा)।

**इन नगर पंचायतों की सीमा बढ़ी :** गोला बाजार (गोरखपुर), बबेरू, नरैनी व ड्रूषतदवारी (बांदा), कुल पहाड़ (महोबा), हरगांव (सीतापुर), ओबरा (सोनभद्र), चोपन (सोनभद्र), हरैया (बस्ती), परशदेपुर (रायबरेली), रामपुरा (जालौन) व औरास (उन्नाव)।

**गोरखपुर विकास क्षेत्र का दायरा बढ़ा :** राज्य सरकार ने गोरखपुर विकास क्षेत्र की सीमा विस्तार करने का फैसला किया है। गोरखपुर विकास क्षेत्र में जिले की पिपराईच, पीपीगंज व मुंडेरा बाजार नगर पंचायतों के क्षेत्रों तथा 233 राजस्व गांवों को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के इस प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन मंजूरी दी गई है।

**राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड अब अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के हवाले :** राज्य सरकार ने 'उप्र राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड' को अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के नियंत्रणाधीन करने का भी फैसला किया है। अभी तक यह बोर्ड नियोजन विभाग के अधीन था। नियोजन विभाग के इस प्रस्ताव पर कैबिनेट बाई सकुर्लेशन मुहर लगा दी गई है।

**ये भी हुए निर्णय :** मथुरा शिक्षक भर्ती घोटाले में तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार सिंह की तीन वेतन वृद्धियां स्थायी रूप से रोकने का भी कैबिनेट ने निर्णय किया है। जिले में बीएसए रहते उन पर चयनित शिक्षकों को तय तिथि के बाद ज्वाइन कराने तथा जिला चयन समिति का सदस्य रहते गैर जिले से बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों का बतौर शिक्षक चयन करने का आरोप था। कैबिनेट ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-दो के तहत संचालित गतिविधियों में व्यय होने वाली धनराशि में केंद्रांश 60 प्रतिशत व राज्यांश 40 फीसद होने पर सहमति जतायी है।

**अब केवल बंदी रक्षक के पद पर होगी भर्ती:** पहले बंदी रक्षक के महिला के अलावा पुरुष अंतर कारा बंदी रक्षक और बहिर बंदी रक्षक, तीन संवर्ग में भर्ती होती थी। लोक सेवा आयोग ने इन पदों पर पदोन्नति को लेकर आपत्ति जताई थी। अलग-अलग पदनाम से हुई भर्ती को लेकर पदोन्नति में आ रही दिक्कत को देखते हुए तीनों पदों को एक करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। इस बार हो रही भर्ती में पुरुष और महिला बंदी रक्षक के दो पदों पर परीक्षा हुई है। अब केवल बंदी रक्षक का पद ही होगा।

**दूर होंगी जेल वार्डर के प्रमोशन की दिक्कतें :** जेल वार्डर से उप कारापाल के पद पर प्रमोशन में आ रही दिक्कतें अब दूर होंगी। इसके लिए कारापाल नियमावली में संशोधन किया गया है। पहले की नियमावली में जेल वार्डर की तीन श्रेणियां थीं। यह श्रेणी जेल के बाहर की सुरक्षा के लिए अलग बंदीरक्षक, जेल के अंदर की सुरक्षा के लिए अलग बंदी रक्षक और महिला बंदी रक्षक के पद थे। इन पदों पर भर्तियां भी अलग-अलग होती थीं। बाद में सारे पदों को समाप्त करते हुए केवल जेल वार्डर का पद रखा गया था, लेकिन नियमावली में संशोधन नहीं किया गया था। इससे लोक सेवा आयोग में जेल वार्डर से उप कारापाल के पद पर प्रोन्नति में दिक्कत आ रही थी।

**आकर्षक बनाया जाएगा होटल अलकनंदा :** उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित अलकनंदा होटल परिसर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सौ कमरों का नया पर्यटक आवास गृह बनाया जा रहा है। पिछले दिनों वहां जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परियोजना का शिलान्यास किया था। पर्यटन विभाग उस अतिथि गृह को उत्तर प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड की विशिष्ट शैली के अनुरूप बनाना चाहता है। इसके लिए प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकृति दे दी है।

## खाद के नाम पर किसानों को बेच रहे थे मार्बल पाउडर, पिसा हुआ कोयला और नमक, पुलिस ने किया पदार्फाश

**जबलपुर, जेएनएन।** खजरी खिरिया बायपास में करीब डेढ़ एकड़ के कृषि फार्म में नकली खाद व कीटनाशक बनाने वाली फैक्ट्री के जरिए जबलपुर तथा आसपास के जिलों के किसानों के साथ धोखा किया जा रहा था। खाद में मिलावट कर माफिया न सिर्फ किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे थे बल्कि खेत की उर्वरा शक्ति नष्ट करने पर आमादा थे। मिलावटखोर प्रायः सभी कंपनियों के नाम पर नकली खाद व रासायनिक पदार्थ बनाकर व्यापारियों के माध्यम से किसानों को बेच रहे थे। क्राइम ब्रांच को मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने सोमवार को महाकोशल व विंध्य में जड़ें जमाने की कोशिश कर रहे मिलावटखोरों के गिरोह का पदार्फाश किया। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा समेत प्रशासन, पुलिस व कृषि विभाग के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारी यह जानकर हैरान रह गए कि कई जिलों के किसान खाद व कीटनाशक की जगह अपने खेतों में पिसा हुआ कोयला, मार्बल पाउडर, नमक, रासायनिक पदार्थ का मिश्रण खेतों में डालते रहे। दरअसल, मिलावटखोर इन सामग्रियों का इस्तेमाल कर नकली खाद व कीटनाशक तैयार कर रहे थे। नकली फैक्ट्री के गोदाम में हजारों बोरी पिसा हुआ कोयला, मार्बल पाउडर, नमक तथा रासायनिक पदार्थ, हजारों खाली डिब्बे और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की ब्रांडेड कंपनियों के रैपर, खाली बोरियां गोदाम में भरी मिलीं। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर उसके भाई को हिरासत में लिया है। मिलावटखोर विंध्य व महाकोशल में जड़ें जमा चुके थे। वे महाकोशल क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्रों की मिलीभगत से नकली माल बेचते थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि खजरी खिरिया बायपास में अमर कृषि फार्म के गोदाम में बीटी तिराहा निवासी मयंक खत्री नकली खाद व रासायनिक पदार्थ बना रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम गोपाल खांडेल ने बताया कि छह हजार वर्गफीट में बनी गोदाम में कई लाख रुपये का कच्चा माल मिला है, जिनसे नकली खाद व कीटनाशक बनाया जाता था।

## किसानों की भूख हड़ताल जारी, रोज 11 किसान 24 घंटे का उपवास रखेंगे

**किसानों के आंदोलन 26वें दिन जारी है। किसानों ने आज से भूख हड़ताल शुरू कर दी है। दिल्ली हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर जहां-जहां प्रदर्शन चल रहा है वहां 11-11 किसान भूख हड़ताल पर बैठे हैं। 24 घंटे बाद 11 दूसरे किसान इस सिलसिले को आगे बढ़ाएंगे।**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन 26वें दिन जारी है। किसानों ने आज से भूख हड़ताल शुरू कर दी है। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर जहां-जहां प्रदर्शन चल रहा है, वहां 11-11 किसान भूख हड़ताल पर बैठे हैं। 24 घंटे बाद 11 दूसरे किसान इस सिलसिले को आगे बढ़ाएंगे। वहीं, हरियाणा में 25 से 27 दिसंबर तक टोल फ्री किए जाएंगे। किसानों ने रविवार को ये ऐलान किया। इसके 5 घंटे बाद ही सरकार ने बातचीत के लिए पत्र भेज दी। इसमें तारीख तय करने के लिए किसानों से ही कहा गया है। किसान अभी तक इस पर फैसला नहीं लिए हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को बंगाल में कहा कि कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और किसानों के बीच एक-दो दिन में बैठक हो सकती है। दूसरी ओर किसान नेताओं ने रविवार को कुंडली बॉर्डर पर बैठक के बाद ऐलान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 दिसंबर को जितनी देर मन की बात करेंगे, किसान ताली-थाली बजाएंगे।

भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को समर्थन देने वाले किसान संगठनों से मुलाकात करेंगे। हम उनसे जानेंगे कि उन्हें नए कृषि कानूनों में क्या फायदा नजर आ रहा है, साथ ही पूछेंगे कि अपनी फसलें बेचने के लिए कौनसी टेक्नोलॉजी इस्तेमाल कर रहे हैं। 23 दिसंबर को किसान दिवस है। किसान संगठनों ने अपील की है कि इस दिन देशभर के लोग एक दिन का उपवास रखें। 26 और 27 दिसंबर को किसान ठऊ्अ में शामिल दलों के नेताओं से मिलकर उनसे अपील करेंगे कि वो सरकार पर दबाव डालें और तीनों कानून वापस करवाएं। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ भी प्रदर्शन शुरू किए जाएंगे। अदाणी-अंबानी का बायकॉट जारी रहेगा। आढ़तियों पर छापेमारी के विरोध में किसान इनकम टैक्स ऑफिसों के बाहर भी प्रदर्शन करेंगे।

किसान संगठनों के नेता कृषि कानूनों को रद करने की अपनी जिद पर अड़े हैं। संसद से पारित कृषि सुधार के तीनों कानूनों को रद करने की मांग के साथ उन्होंने अपनी मांग में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी भी जोड़ ली है। सरकार एमएसपी के साथ खाद्यान्न की सरकारी खरीद जारी रखने की मांग के समर्थन में लिखित आश्वासन देने को तैयार है। लेकिन किसान संगठनों की जिद कानूनों को रद करने और एमएसपी की गारंटी के लिए कानून बनाने की है। दिल्ली बार्डर पर कड़ाके की ठंड के बावजूद आंदोलन कर रहे किसान नेताओं को समझाने और उनकी आशंकाओं को दूर करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई मंचों से कृषि सुधार के कानूनों के बारे में किसानों को राजनीतिक दलों के बहकावे में आने से बचने की सलाह दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि किसानों की हर आशंका का समाधान किया जा सकता है। इसके लिए सरकार तैयार है।

## भारत ने ब्रिटेन से आने वाली उड़ानों पर लगाई रोक लोग चाहते हैं जल्द खत्म हो एयर बबल समझौता



**मुंबई, प्रेट्र।** नए तरह के कोरोना वायरस के सामने आने से बढ़ी चिंताओं के बीच सरकार ने ब्रिटेन से आने-जाने वाली उड़ानों को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। वहीं, एक सर्वेक्षण में 50 प्रतिशत लोग कुछ अन्य देशों के साथ भी विशेष उड़ान समझौते (एयर बबल पैक्ट) को स्थगित करने के पक्ष में है। कोरोना वायरस का नया प्रकार इंग्लैंड में सामने आया है। यह मौजूदा कोरोना वायरस के मुकाबले कई गुना तेजी से फैलने में सक्षम है।

वहीं सरकार ने 22 दिसंबर की मध्यरात्रि से लेकर 31 दिसंबर तक ब्रिटेन से आने वाली सभी उड़ानों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। लंदन और ब्रिटेन के अन्य हिस्सों में कोरोना वायरस का नया रूप सामने आने के बाद यह रोक लगाई गई है। इससे पहले जर्मनी, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, आयरलैंड और बेल्जियम की सरकारें भी एहतियात बरतते हुये ब्रिटेन से आने वाली उड़ानों पर रोक लगा चुकी है। यह सर्वेक्षण ऑनलाइन मंच लोकल सर्कल्स ने किया है। सर्वेक्षण में 41 प्रतिशत लोगों ने ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड, डेनमार्क और ऑस्ट्रेलिया से आने वाले यात्रियों को 14 दिन के अनिवार्य क्वारंटाइन में रहने के पक्ष में मत दिया। सोमवार को जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सर्वेक्षण रविवार शाम से सोमवार सुबह के बीच किया गया। इसे 202 जिलों के 7,000 से अधिक लोगों के बीच किया गया। इनमें 67 फीसद लोग पुरुष और बाकी 33 फीसद लोग महिलाएं थीं। इनमें 56 फीसद लोग टायर-1 शहर, 26 फीसद टायर-2 और बाकी 18 फीसद टायर-3 व टायर-4 शहरों के साथ-साथ ग्रामीण जिलों के थे।

## संक्षेप समाचार

### सर्वर के चलते परेशान रहे लोग

**करछना।** इन दिनो करछना क्षेत्र मे मोबाइल नेटवर्क समेत ब्राड बैड निजी कम्पनियो द्धारा दिए गये कनेक्शन की कनेक्टविटी सही ढग से न चलने के कारण लोगो को काफी परेशानी उठानी पड रही है जहा एक ओर छात्र छावृति का फार्म नही भर पा रहे है वही नवोदय समेत कई बेबसाइड न चलने के कारण छात्र परेशान है तो किसान धान और बीज के लिए आनलाइन कराने मे दिक्कत आ रही है जिससे बार बार ब्लाक तहसील और ग्राहक सेवा केन्द्रो का चक्कर काटने को विवश है।बैकिग व्यवस्था भी कनेकत्टविटी के चलते प्रभावित हो रही है जिससे लोगो को बैक से लेनदेन करने मे असुविधा का सामना करना पड रहा है।

### युवक का मोबाइल छीनकर भागे पल्सर सवार

**नैनी।** क्षेत्र के चक रघुनाथ मोहल्ला निवासी हिमांशु मधुकर अपने किसी काम से शनिवार रात में जीतलाल चौराहे की तरफ पैदल ही मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था। चौराहे के समीप वह पहुंचा था, तभी पीछे से पल्सर बाइक सवार दो युवक आए और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मोबाइल छिनैती की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# सीएमओ ने किया जसरा सीएचसी का औचक निरीक्षण

**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉ० प्रभाकर राय औचक निरीक्षण करने के लिए आये। उन्होंने अस्पताल में स्थित सभी विभागों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीएमओ डॉ० प्रभाकर राय सबसे पहले सीएससी अधीक्षक डा०तरुण पाठक को साथ लेकर डॉक्टरों के चेंबर में गए और ओपीडी की बहुत ही बारीकी के साथ निरीक्षण किया। इसके बाद लेबर रूम एवं शल्य चिकित्सा कक्ष में शल्य चिकित्सक डॉ० प्रतिमा मिश्रा से सीएससी में होने वाले नवजात शिशुओं के संबंध में विधिवत जानकारी ली। इसी तरह कोल्ड चैन कक्ष का निरीक्षण, लैब टेक्नीशियन को मशीनों व कमरे की साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। सीएमओ दवा भंडारण कक्ष में रखी दवाइयों का निरीक्षण किया एवं सभी जीवन रक्षक दवाइयां भंडार कक्ष में मौजूद रही। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा



जस सीचसी का निरीक्षण करते सीएमओ व जमा मरीजों की भीड़

स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक से आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत बनाए गए गोल्डन कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना कार्यक्रम की प्रगति पर समीक्षा के साथ ही खुशहाल परिवार दिवस पर चर्चा की। जिसमें नई पहल फीट का विवरण, 3 या 3 से अधिक बच्चे वाले योग्य दंपति को परिवार नियोजन की विधियों से जोड़ने के साथ ही 1 जनवरी 2020 के बाद एचआरपी महिलाएं जिनके प्रसव हो गए हों उन्हें परिवार नियोजन की विधियों से जोड़ने के संबंध में संपूर्ण जानकारी ली। सीएससी अधीक्षक डॉ तरुण पाठक ने बताया कि शल्य चिकित्सा के बाद नवजात शिशुओं को रखने के लिए एक स्पेशल कमरे का होना आवश्यक है। इस पर सीएमओ ने कहा कि इसके लिए शासन को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी पंकज पांडेय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीमा सिंह,ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक पंकज मिश्र, डॉ० संतोष सिंह, डॉ०मनोज श्रीवास्तव, डॉ० पंकज पांडे, महेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, राकेश सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## बहादुरपुर क्रय केन्द्र पर अबतक 6298 कुन्तल हो चुका धान खरीद

**हनुमानगंज ।** खाद्य विभाग विपणन साखा बहादुरपुर के क्रय केन्द्र पर अबतक 6298 कुन्तल धान की खरीद हो चुकी है। हला कि कुल 17 हजार कुन्तल का लक्ष्य रखा गया है। उक्त क्रय केन्द्र पर बहोत तेजी के साथ तौल किया जा रहा है। एक दिन में करीब 600 कु0 धान की खरीद की जा रही है। जहाँ अबतक 168 किसानों के कुल 6298 कुन्तल धान की खरीद की जा चुकी है। उक्त साखा के मार्केटिंग इंस्पेक्टर विनोद कुमार जायसवाल ने बताया कि जो भी किसान पंजीकरण प्रपत्र के साथ आ रहे हैं उन सभी छोटे बड़े किसानों कि तौल कराई जा रही है। और दस दिन के भीतर किसानों के खाते में धान की रकम 1868 रुपये प्रति कुंतल की दर से उसके खाते में पहुँच रहा है। तौल कराने वाले अन्नदाताओं के लिए साखा कि ओर से जलपान की भी व्यवस्था कराई गई है।

# ट्रक से कुचलकर अधेड़ की हुई दर्दनाक मौत

### रत्योरा-बड़ोखर मार्ग के मलीपुर भोगन गांव के पास हुआ हादसा

**कोरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मलीपुर भोगन गांव के पास सोमवार को दोपहर एक बजे के आसपास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को अपनी जद में ले लिया ।जिससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक फौदार पुत्र साधू राम (45) निवासी चंदापुर थाना कोरांव अपने छोटे बेटे छोटू के साथ बाइक से अपनी ससुराल कोरांव थाना क्षेत्र के देवी बांध गांव जा रहा था। कि बड़ोखर की ओर से ही आ रहे अनियंत्रित ट्रक चालक ने बाइक से पास लेने के दौरान जोरदार टक्कर मार दिया ।जिससे फौदार बाइक से नीचे गिर गया ।और ट्रक के पहिए से उसका सिर बुरी तरह से कुचल गया ।हादसा इतना दर्दनाक था कि देखने वाले हर सख्स के रोंगटे खड़े हो गये ।गर्दन के ऊपर का चीथड़ों में तब्दील हो गया। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने उठा लाई और ट्रक को हिरासत में लेते हुए भोगन गांव में खड़ा करा दिया। जहां ट्रक की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी लगा दिए गए। हादसे की सूचना घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी धनराजी समेत इकलौती बेटी और बेटों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। थोड़ी देर बाद ही रोते बिलखते परिजन कोरांव थाने पहुंचे जहां शव से लिपटकर दहाड़े मार कर रोने लगे। पुलिस ने परिजनों के समक्ष शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक फौदार को तीन लड़के और एक लड़की हैं जिनमें एक लड़के की शादी हुई है ।लड़की व दो लड़कों की शादी भी अभी नहीं हुई है। मृतक के भाई बिहारी लाल ने बताया कि भतीजी की शादी होनी थी किंतु गार्जियन स्वरूप भैया ही थे उनके न रहने से लड़की और लड़कों का शादी विवाह कैसे होगा। रोरो कर सभी परिजनों रिश्तेदारों का बुरा हाल था।

### बुजुर्ग की मौत

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र स्थित कांशीराम कालोनी के समीप सोमवार को एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान दीपक गुप्ता उम्र 66 वर्ष पुत्र मूल शंकर गुप्ता निवासी करेली के रूप में की है। बताया जाता है कि बुजुर्ग की मौत ठंड की वजह से हुई है।

### समाज की प्रगति हेतु युवा वर्ग पंचायत चुनाव में अवश्य हिस्सा लें : मनोज

**करमा।** क्षेत्र के पतेवरा में सोमवार को युवा प्रोत्साहन एवम उत्थान नामक परिचर्चा आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता करतें हुए युवा समाजसेवी एवम जय माँ शारदा ईट उद्योग कें प्रबंधक मनोज कुमार पटेल नें कहा कि देश एवम समाज का समुचित विकास तभी संभव हैं जब युवाओं को सही मार्ग एवम प्रोत्साहन मिलें इसके साथ ही श्री पटेल नें यह भी कहा कि महज तीन महीनें कें उपरान्त प्रदेश में पंचायत चुनाव संपन्न होनें हैं इसमें युवा वर्ग बढ़चढ़कर हिस्सा लें क्योंकि जब ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत एवम जिला पंचायत इत्यादि की कमान युवाओं कें हाथ में होंगीं तों बेशक समाज में चहुंमुखी विकास होगा साथ ही युवा समाजसेवी श्री पटेल नें युवाओं को सदाचार एवम सन्मार्ग का रास्ता अपनाते हुए कुसंगतियों एवम बुरी व्यवसनों से दो कदम दूरी बनाने की भी अपील किये इसके साथ ही युवा समाजसेवी श्री पटेल के द्वारा युवाओं को सकारात्मक एवम ओजस्वी विचारों कें संकलन से युक्त अनेकों पत्रिकाओं सहित पुस्तकें भी वितरित की गयी । उक्त अवसर पर तमाम गणमान्य लोगों सहित क्षेत्रों से आएं विभिन्न गाँवों कें युवाओं नें सहभागिता प्रदान किये। इस अवसर पर सभी लोग सामाजिक एवम मास्क में दिखें ।उक्त परिचर्चा में सोनू अकेला, व्यापार मंडल अध्यक्ष घूरपुर सुरेंद्र सिंह पटेल, पवन पटेल मेजा, अनुज भाई पटेल इत्यादि लोगों नें भी प्रमुख वक्ता कें रूप में अपने विचार प्रकट किये ।

# सीएमओ ने की अपील-मास्क लगाकर ही जाएं अस्पताल



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ का निरीक्षण करते सीएमओ

### मुख्य चिकित्साधिकारी ने यमुनापार के स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**शंकरगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रभाकर राय ने सोमवार को यमुनापार के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा और शंकरगढ़ का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ ने अस्पताल में डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता के साथ ही एक्स-रे रूम, लेबर रूम और जनरल वार्ड का भी निरीक्षण किया, साथ ही मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के निरीक्षण पर पहुंचे सीएमओ डा. प्रभाकर राय ने यहां स्थापित टेली मेडिसिन कक्ष का भी मुआयना किया और यहां की व्यवस्थाएं देखी। टेली मेडिसिन की लोकप्रियता और इससे होने वाले लाभ के मद्देनजर सीएमओ ने यहां की व्यवस्था और सुविधा में इजाफा करने का निर्देश दिया, ताकि यहां पर मरीजों की संख्या बढ़ाई जा सके। सीएचसी शंकरगढ़ के जनरल वार्ड, लेबर रूम, एक्स-रे रूम व ओपीडी का निरीक्षण करते हुए सीएमओ ने कहा कि अभी कोरोना का खतरा टला नहीं है। इसलिए पूरे अस्पताल में सभी लोग मास्क का इस्तेमाल करें और समय-समय पर अपना हाथ सेनिटाइज करते रहें, इसके अलावा मरीजों को भी मास्क लगाकर अस्पताल आने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ संक्रमण का खतरा कम होगा, बल्कि लोगों में मास्क के प्रति जागरुकता भी बढ़ेगी। सीएमओ के निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह ने सीएमओ को विभागवार जानकारी उपलब्ध करवाई। इस मौके पर अधीक्षक के साथ डा. अभिषेक सिंह, डा. पुनीत,डॉ अनूप,अरविंद सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। तकरीबन एक घंटे के मुआयने के उपरांत सीएमओ यहां से चले गए।

# अब तक सात लाख दस हजार मानव दिवस का हुआ कार्य : आर0एस0सिंह

**कोरांव।** विकास खण्ड कोरांव में कुल अब तक मनरेगा के तहत सात लाख दस हजार मानव दिवस का कार्य हुआ। और लगभग 15 करोड़ रुपये का श्रमिको को भुगतान किया गया। उक्त जानकारी मुलाकात के दौरान खण्ड विकास अधिकारी कोरांव आर0एस0सिंह व मनरेगा एपीओ मानस राठौर ने जानकारी पूंछे गए सवालों के जवाब में जानकारी दी। 25 दिसम्बर 20 से ग्राम पंचायतों की कमान पंचायत अधिकारियों को सौंपे जाने के बारे में बताया कि विधिक रूप से अभी तक कोई सूचना नहीं मिली और न ही कोई आदेश आया है। जब आदेश आएगा तो उसका पालन कराया जाएगा। श्री सिंह



आर0एस0सिंह मानस राठौर

ने कहा कि इस समय आवासों की फीडिंग का कार्य तेजी से हो रहा है। अपात्रों को आवास ग्राम प्रधानों द्वारा दिये जाने की कई शिकायतों के बारे में कहा कि कुछ शिकायतें सीडीओ साहब के स्तर से जांच के लिए आई हुई है उसकी जांच कर रहा हूँ। जो गलत होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### युवक लापता परिजन परेशान

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर मोहल्ले से एक युवक दो दिन पूर्व घर से लापता हो गया। जिससे परिजन परेशान हो गए। तहरीर मिलने पर नैनी कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित काजीपुर निवासी देवराज सिंह के 23 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार सिंह दो दिन पूर्व शाम सात बजे मोबाइल पर बात करते हुए घर बाहर निकले, लेकिन दोबारा वह वापस लौट कर घर पर नहीं पहुंचे ।इस दौरान परिजन हर उस स्थान पर मनीष कुमार सिंह की खोजबीन किए, जहां पर उसके मिलने की उम्मीद थी, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लगा। किसी अनहोनी की आशंका से परिजन डरे व सहमे हुए हैं। पिता की तहरीर मिलने पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन करने में जुटी हुई है।

# सैकड़ों की संख्या में तीन गुटों ने शासन को सौंपा मांग पत्र का ज्ञापन




उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए व ज्ञापन सौंपने पहुंचे कार्यकर्ता

### जन अधिकार पार्टी, भारतीय किसान संघ, आदिवासी संगठन के लोग रहे शामिल

**खीरी।** हर सोमवार की तरह जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भागीदारी संकल्प मोर्चा के तत्वाधान में कोराव उप जिलाधिकारी को जन अधिकार पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशानिदेर्शों में वर्तमान समय में जनमानस में हो रही जनसमस्याओं को रोकने से संबंधित 11 सूत्री ज्ञापन दिया। जिसमे मुख्य रूप से बेरोगारों को रोजगार देना, डीजल- पेट्रोल की बढ़ी हुई कीमत को कम करना, आवारा पशुओं से किसानों के फसलों की सुरक्षा करना, लाक डाऊन से सम्बन्धित समस्याओं को रोकना प्रमुख रहा। यह ज्ञापन पूरे कोरोना काल में प्रत्येक सोमवार को दिया जाता रहा। इस सोमवार को 24वां ज्ञापन दिया गया ।यह ज्ञापन जन अधिकार पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अनुज कुमार की अगुवाई में डॉ महेश कुशवाहा द्वारा कोरांव को उप जिलाधिकारी डॉक्टर कंचन वर्मा के कहने पर तहसीदार अनीता शेखर को दिया गया। ज्ञापन के दौरान कपिल कुसवाहा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष छद्दू सिंह शाक्य ,कौर आदिवासी, राम अशीष कुशवाहा, शशिकांत एडवोकेट, आरव कुशवाहा समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं भारतीय किसान संघ के लल्लन सिंह पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में किसानों द्वारा धान का खरीद उचित रूप से क्रय केंद्रों पर ना होने के संबंध में उपजिलाधिकारी कोरांव डॉक्टर कंचन वर्मा को दिया गया जिस पर उप जिलाधिकारी ने किसान संगठनों को दर्शक सात्वना दिया।

वहीं निरंजन आदिवासी एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ओबरी ग्राम से आए हुए महिलाएं, पुरुष जिन्होंने यह आरोप लगाते हुए ज्ञापन दिया कि सरकार जनविरोधी, किसान विरोधी, मजदूर विरोधी है।वर्तमान में शासन को जमकर कोसते हुए नारे भी लगाए। इन सब महिलाओं ने निरंजन आदिवासी के नेतृत्व में जमीदारों द्वारा जबरन पट्टे की खेत को हड़पने का शिकायत भरा ज्ञापन पत्र दिया।

# ब्लाक प्रमुख सैदाबाद पर गोली चलाने व लूट का आरोप



क्षतिग्रस्त वाहन का दृश्य

**हंड़िया।** हंडिया थाना क्षेत्र के सैदाबाद कस्बा में सैदाबाद ब्लॉक प्रमुख प्रमोद त्रिपाठी उर्फ बुलबुल त्रिपाठी व उनके भाई सुनील त्रिपाठी व 10 अन्य लोग असलहा से लैस होकर शशांक शुक्ला के घर पर चढ़कर मारपीट की तथा गाड़ी नंबर यूपी 70 EJ 6446 पर असलहे से फायर किया तथा गाड़ी का शीशा तोड़कर रू 13000 लूट ले गए उक्त तहरीर थाना हंडिया में बृजेश शुक्ला ने दी है। घटना शाम 6:30 बजे की है उक्त घटना के संबंध में ब्लाक प्रमुख सैदाबाद से जानकारी ली तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरे भाई विभव त्रिपाठी जो क्षेत्र पंचायत सदस्य है। वह आज सैदाबाद बाजार में शाम को सामान खरीद रहा था। कि उसी समय डब्बू शुक्ला जो कि एक माफिया है जोकि कई लूट व हत्या में मुलजिम है। आज डब्बू शुक्ला व अन्य लोग मेरे भाई पर हमला बोल दिया तथा उसका पैसा छीन लिया मेरे भाई ने किसी तरह छीप छीपा कर जान बचाई। नहीं तो मेरे भाई की हत्या कर देते उन लोगों द्वारा विगत कई दिनों से फेसबुक व व्हाट्सएप पर मुझे व मेरे परिवार को भद्दी भद्दी गाली व अनावश्यक आरोप व मेरी राजनीतिक छवि खराब करने के लिए। गलत तरह से मैसेज फेसबुक और व्हाट्सएप पर वायरल किया गया। जिसके संबंध में मैंने थाना हंडिया व अधिकारियों को सूचित किया था। उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई आज की घटना से मेरा किसी प्रकार का कोई हाथ नहीं है, ना ही मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की घटना की गई है। जो भी आज मेरे भाई के साथ घटना हुई है उस संबंध में मेरे द्वारा लिखित तहरीर थाना हंडिया को दी जाएगी। उक्त मारपीट करने वाले लोग गलत प्रवृत्त के हैं किसी भी समय कोई भी घटना कर सकते हैं।

## तीन विधान सभाओं की प्रभारी बनी आप पार्टी की नेहा सिंह

**करछना।** सेंट्रल टीम द्वारा चयनित प्रयागराज जिले के जिला प्रभारी श्री विवेक सिंह द्वारा नेहा सिंह को आप पार्टी के जिला उपाध्यक्ष के अतिरिक्त करछना, मेजा, कोरांव विधान सभा का आगामी पंचायत चुनाव व विधान सभा चुनाव को देखते हुए इन तीनों विधान सभाओ कीं जिम्मेदारी को लेकर प्रभारी परवेंक्षक बनाया गया है। जिला प्रभारी विवेक सिंह व जिला अध्यक्ष अल्ताफ व जिला महा सचिव सर्वेश यादव को तीनों विधानसभा में पार्टी के कार्यकताओं को केन्द्रीय आदेशों के तहत दी गई जानकारी देंगे और आम आदमी पार्टी की उपलब्धि के बारे मे अथवा पार्टी

# प्रेमी संग रंगेलिया मनाते पकड़ी गई आशा बहू

**घूरपुर।** स्थानीय क्षेत्र के एक गांव की एक आशा बहू को प्रेमी संग रंगेलिया मनाते समय प्रेमी के पत्नी ने रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके बाद प्रेमी के पत्नी ने परिवार के दर्जनों लोगो के साथ लेकर आशा बहू के घर चढ़ाई कर घंटो हंगामा किया। हंगामा देख तमाशाबीनो की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को संभाला।

घूरपुर क्षेत्र के एक गांव की आशा बहू तीन बच्चों की मां है। इस बीच नैनी क्षेत्र का एक युवक जो इरादतगंज स्थित एक नर्सिंग होम में वार्ड व्याय है आते जाते आशा बहू से आंखे चार हो गई। और छिप छिपाकर दोनों अक्सर रास लीला किया करते थे। प्रेमी युवक का जब से आशा बहू से सम्बन्ध बना तबसे वह अपनी पत्नी को खर्च के लिए रुपए भी देना बंद कर दिया था। और अक्सर अपनी पत्नी से झगड़ा भी करने लगा था। प्रेमी युवक की पत्नी को शक हुआ तो



रंगेलिया मनाते रंगेहाथ पकड़े जाने के बाद हंगामा के दौरान पहुंची पुलिस

वह पीछे लग गई। रविवार की सायंकाल इलाके के एक सुनसान बगीचे में दोनों को रंगेलिया मनाते रंगेहाथ पकड़ ली तो पति धमकी देते प्रेमिका के साथ भाग निकला। उसके बाद प्रेमी की पत्नी ने घर पर फोन कर दर्जनों परिजनो को बुला आशा बहू के घर चढ़ाई कर आशा बहू को घेर गाली गालौज के साथ तमाम आरोप लगा हंगामा करने लगी। तो आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। मामला मारपीट तक पहुंचने ही वाला था कि किसी ने 112 डायल पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करा दोनों पक्षों वार्ता कराया जिस पर आशा बहू को कहा गया कि अब वह दुबारा मेरे पति से कभी नहीं मिलेगी और पति द्वारा दिए गए सारे रुपए वापस करेगी।

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज मंगलवार, 22 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### बिजली की कटौती से हलाकान हो रहे लोग

**करछना।** इन दिनों शाम 6 बजे से हो रही कटौती के चलते लोगो को हलाकान होना पड रहा है बिजली कटौती के चलते किसानो को सिचाई के लिए भी परेशान होना पड रहा है। करछना समेत सब स्टेशन से जुड़े सैकड़ो गावो मे अनियमित विद्धुत कटौती और बार बार ट्रिपिंग के चलते लोगो को बिजली की समस्या से जूझना पड रहा है जहा एक ओर शाम को होने वाली कटौती से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है वही कटौती के चलते सिचाई भी बाधित हो रही है इस समय किसान पलेवा और अगेती गेहू की फसलो की सिचाई कर रहे है बार बार बिजली कटने के कारण गेहू की फसल भी खराब हो रही है। जिसको लेकर लोगो ने जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था ठीक करने की माग की है साथ ही वर्षो से लगे जर्जर तारो को बदलकर दुरूस्त किया जाए जिससे विद्युत आपूर्ती सुचारू रूप से हो सके और लोगो को अनियमित विद्युत कटौती से छुटकारा मिल सके।

# मण्डलायुक्त एवं आईजी ने देर रात शहर में बनाये गये रैन बसेरों एवं अलाव की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## भीषण ठंड को देखते हुए रैन बसेरों में एवं अलाव जलाने की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का दिया निर्देश

### कोई भी व्यक्ति खुले में न सोने पाये



रैन बसेरे में लोगों का हालचाल लेते मण्डलायुक्त व आईजी



भीषण ठण्ड में गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित करते हुए



रैन बसेरों के बाहर अलाव तापते लोगो का हाल चाल लेते हुए

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार, आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह रविवार को देर रात शहर में भ्रमण कर बनाये गये स्थायी और अस्थायी रैन बसेरों तथा अलाव जलाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के समय मण्डलायुक्त ने नगर निगम तथा अन्य सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए रैन बसेरों में बिस्तर, साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रहे साथ ही साथ उन्होंने रैन बसेरों के पास एवं चिन्हित किये गये अन्य स्थलों पर अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि भीषण ठंड में कोई भी व्यक्ति बाहर खुले आसमान के नीचे न सोने पाये, अधिकारीगण निरंतर भ्रमणशील रहकर अनुश्रवण करते रहे और कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में सोता हुआ मिले तो तत्काल उसको बनाये गये रैन बसेरों में पहुंचाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने रैन बसेरों में तैनात किये गये केयर टेकरों को निर्देशित करते हुए कहा कि रैन बसेरों में आने वाले लोगो के नाम एवं पते रजिस्टर में अंकित किये जाने एवं साथ ही साथ उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से रैन बसेरों का निरीक्षण किये जाने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थायें निरंतर सुनिश्चित बनाये रखने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने पीडी टण्डन पार्क के पास बनाये गये अस्थायी रैन बसेरा, जीरो रोड बस स्टेशन, प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन(बड़े स्टेशन) के पास बनाये गये स्थायी रैन बसेरा, एजी आफिस एवं हिंदू हॉस्टल के पास बनाये गये अस्थायी रैन बसेरों का निरीक्षण किया और रैन बसेरों में रह रहे लोगो से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सभी लोगो के द्वारा रैन बसेरों में अच्छी व्यवस्था होने की बात कहीं गयी। भ्रमण के समय मण्डलायुक्त एवं आईजी ने रैन बसेरों के बाहर अलाव ताप रहे गरीब एवं असहाय लोगो को ठंड से बचाव हेतु कम्बल भी वितरित किये। इस अवसर पर आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह ने भी रैन बसेरों में रह रहे लोगो से बातचीत की एवं जानकारी ली। इस अवसर पर नगर आयुक्त-रवि रंजन, अपर नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट-रजनीश मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जो लोग आज किसानों के हितेषी बन रहे हैं उन्हीं की सरकारों में हुआ किसानों के ऊपर उत्पीड़न : सांसद विनोद सोनकर



किसान खाट पंचायत में उपस्थित किसानों की भीड़

**कुंडा।** देश का किसान, मजदूर व युवा मोदी जी के साथ खड़ा है। जिन्होंने किसानों के ऊपर लाठियां मारी समय से किसानों को खाद, बीज व पानी नहीं दे पाए थे । आज वह लोग अपने आप को किसान हितेषी बता रहे हैं। भाजपा की सरकार आने के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था। यह सरकार गांव, गरीब, किसान व युवाओं के लिये समर्पित है। भाजपा की सरकार आने के बाद किसानों को समय से खाद बीज पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त बातें सोमवार को कालाकांकर के जनवामऊ गांव में राम खेलावन पटेल के आवास में किसान खाट पंचायत को सम्बोधित करते हुए कौशाम्बी के सांसद, संसदीय आचार समिति के चेयरमैन, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व त्रिपुरा राज्य के प्रभारी विनोद सोनकर ने कही। सांसद विनोद सोनकर ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार में किसानों की फसल को समय से खरीदा जा रहा है। यही नहीं मोदी सरकार ने किसानों को किसान सम्मान निधि देकर का हौसला बढ़ाया है। जो सरकार किसानों के हित में दिन रात काम कर रही हैं। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को कांग्रेस की सरकार ने दबा के रखा था। उसे लागू नही कर पाए। मोदी सरकार ने स्वामीनाथन आयोग को लागू किया। जिसके बाद पूरे देश में हल्ला मचाया कर किसानों को गुमराह किया जा रहा है। कि अब किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। कुछ लोग किसानों के भेष में प्रदर्शन कर रहे है। उत्तर प्रदेश में 2017 में भाजपा की सरकार आते ही 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपए माफ किया गया। आज जो लोग प्रदर्शन कर रहे है । यह वही लोग हैं जिन्हें जनता ने 2014, 2017 व 2019 में नकार दिया। सरकार पूरी तरीके से किसानों के साथ है। इसके बाद विजईमऊ में प्रमोद सिंह के आवास पर कार्यकताओं से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी। भाजपा नेता एस पी सोनकर के बहनोई के निधन पर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, पूर्व प्रत्याशी पवन गौतम, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह पप्पन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बृज किशोर त्रिपाठी, कमलेश सोनकर, उदय शंकर पाण्डेय, पूर्व प्रत्याशी त्रिभुवन नाथ मिश्र, आनन्द तिवारी, सन्तोष तिवारी, सुनील मिश्र, धर्मेन्द्र मिश्र, राकेश मोदनवाल, मोहित मिश्र, रमेश पाण्डेय, राहुल सोनकर, डिम्पू जायसवाल, मनोज सिंह एडवोकेट, विमल पाण्डेय, सुनील पटेल, श्याम लाल मौर्य, जितेंद्र मिश्र, सभासद रमेश मौर्य, गुदुन सोनकर, आयुष त्रिपाठी, राम खेलावन पटेल, इरफान अख्तर एवं अजय शुक्ल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पहले दिन 60 बीघा जमीन आवंटित



भूमि पूजन करते संतगण

**प्रयागराज।** माघ मेला 2021 के लिए जमीन आवंटन सोमवार से शुरू हो गया। विवाद के बीच मेला प्रशासन ने दंडी संन्यासियों को पहले दिन 60 बीघा जमीन बांटी। पिछले साल की जमीन की मांग पर अड़े स्वामी ब्रह्म-ाश्रम व स्वामी महेशाश्रम के गुटों में सहमति नहीं बनी। इसलिए प्रशासन ने सुबह से ही पूरे क्षेत्र में पीएएसी तैनात कर दी थी। संतों ने इस बार 90 बीघा जमीन की मांग की थी। पिछले साल लगभग 30 संतों को कुछ जमीन ज्यादा दी गई थी। इस पर संतों का दूसरा गुट अपने लिए अधिक जमीन की मांग कर रहा था। जबकि एक गुट ने माघ मेला 2018 को आधार बनाकर जमीन देने की मांग की। इसे लेकर रविवार रात दोनों गुटों की बैठक हुई। बैठक में सहमति न बनने पर स्वामी ब्रह्माश्रम बैठक छोड़कर चले आए। सुबह तनातनी का माहौल देखते हुए मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी व सिटी मजिस्ट्रेट रजनीश मिश्र ने पुलिस बल तैनात कर दिया। पीएसी भी बुलाई गई। जिसके बाद जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू हुई। जमीन आवंटन से पहले अखिल भारतीय दंडी संन्यास समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम के नेतृत्व में सोमवार को पहले भूमि पूजन किया। इस दौरान मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी समेत सभी अफसर भी मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संतों ने भूमि पूजन किया और प्रसाद वितरण हुअ। जमीन मोरी मार्ग, ओल्ड जीटी, गंगोली शिवाला और हरीशचंद्र मार्ग पर दी गई है।

# अतीक अहमद के करीबी और पार्टनर अब्बास खान के मकान पर गरजा पीडीए का बुलडोजर





मकान ध्वस्त करता जेसीबी

**प्रयागराज।** अतीक अहमद के करीबी तथा पार्टनर अब्बास खान के मकान को पीडीए का बुलडोजर ने सोमवार को ध्वस्त कर दिया। अतरसुइया थाना क्षेत्र के गोल पार्क के पास स्थित तीन मंजिला मकान को ढहाने की कार्रवाई सोमवार सुबह प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से शुरू हुई। सूबे में माफियाओं के खिलाफ प्रदेश का योगी सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करने में जुटी हुई है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण और जिले की पुलिस लगातार ऐसे माफियाओं को चिन्हित कर कार्रवाई कर रही है। सोमवार को माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद के करीबी अब्बास के खिलाफ पीडीए की कार्रवाई शुरू हुई। अब्बास के अतरसुइया थानाक्षेत्र में गोल पार्क स्थित तीन मंजिला मकान पर पीडीए का बुल्डोजर चला बताया जाता है कि अब्बास अहमदाबाद जेल में बंद पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद का बिजनेस पार्टनर है। पीडीए के मुताबिक अब्बास के इस तीन मंजिला मकान का नक्शा नहीं पास कराया गया है। माफिया अतीक अहमद के करीबी और पार्टनर अब्बास खान का अतरसुइया थाना क्षेत्र के गोल पार्क के पास स्थित तीन मंजिला मकान को ढहाने की कार्रवाई सोमवार सुबह प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा शुरू कर दी गई।

### अधिवक्ता पर मुकदमे के विरोध में किया जाम

**प्रयागराज।** जिला कचहरी के अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में सोमवार को अधिवक्ता साथियों ने कचहरी के बाहर सड़क पर आ गए और उन्होंने जाम लगाकर विरोध जताया। आरोप लगाया कि पुलिस ने अधिवक्ता के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की शिकायत पर क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया। जाम के कारण आवागमन बाधित हुआ। एहतियातन चारों तरफ से फोर्स को लगा दिया गया है। जिला कचहरी के अधिवक्ता अभिषेक राय ने 18 दिसंबर को सत्यम प्रकाश राय और एक युवती के खिलाफ कर्नलगंज थाने में मारपीट धमकी और लूट की एफ आई आर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि सत्यम राय ने अधिवक्ता के फेसबुक अकाउंट पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बारे में पूछने पर उन लोगों ने धमकी दी और उन पर हमला कर दिया। उनकी अंगूठी छीन ली ।वहीं दूसरी ओर युवती ने भी अभिषेक राय समेत अन्य अधिवक्ताओं के खिलाफ लूट मारपीट की एफ आई आर दर्ज कराई थी।

# जयपुर से दिल्ली, अजमेर के बाद अब उदयपुर तक दौड़ेगी इलेक्ट्रिक ट्रेन




इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** भारतीय रेल के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य को पूरा करने की कड़ी में केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज ने महाप्रबन्धक वाई॰पी॰ सिंह के कुशल नेतृत्व में एक और कदम बढ़ाया है। उदयपुर डेट रेल खण्ड के विद्युतीकरण के उपरान्त रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा हरी झंडी मिलने से अब दिल्ली से अजमेर होते हुए उदयपुर तक इलेक्ट्रिक ट्रेन संचालित हो सकेगी। उदयपुर से डेट तक 115 किलोमीटर विद्युतीकरण 133 करोड़ रुपये में किया गया है। अब अजमेर से उदयपुर का मार्ग विद्युतीकृत होने से दिल्ली से उदयपुर तक विद्युत ट्रेन संचालित हो सकेगी।

इससे पूर्व प्रयागराज से जयपुर तक वाया मथुरा, अलवर, बांदीकुई रूट द्वारा इलेक्ट्रिक ट्रेनों का सफल संचालन प्रारम्भ किया जा चुका है। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठनए प्रयागराज की जयपुर परियोजना द्वारा अथक प्रयास कर रेल विद्युतीकरण कार्य को द्रुत गति से मूर्तरूप प्रदान किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप भारतीय रेल के मौजूदा उच्च घनत्व वाले मार्गों पर अधिक रेल गाड़ियों को चलाने और गाड़ी परिचालन की प्रति यूनिट लागत को कम करके महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# उमरे मुख्यालय में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

## महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' का विमोचन




राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' का विमोचन करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक राजीव चौधरी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई। आन लाइन बैठक में शामिल सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री चौधरी ने कहा कि सरकारी कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना हमारे प्रशासनिक दायित्व का अभिन्न अंग है। इससे भी अधिक यह एक संवैधानिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है, जो हमें निरंतर ही एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास कराता है। हिंदी देश की संपर्क भाषा और राजभाषा है, साथ ही रेलवे जैसी जन-परिवहन प्रणाली में यात्रियों और उपयोगकर्ताओं की संपर्क भाषा के रूप में भी इसे नया आयाम मिला है और इसका राष्ट्रीय स्वरूप समृद्ध हुआ है। राजीव चौधरी ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे पूरी तरह 'क' क्षेत्र में है। इसलिए हम सबसे विशेष रूप से अपेक्षा की जाती है कि हिंदी के प्रयोग-प्रसार में अपने उत्कृष्ट कार्य और योगदान से मिसाल पेश करें। महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे में हिंदी के प्रयोग- प्रसार और कार्यान्वयन का जो उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, वह बहुत ही सराहनीय है। इसमें सभी रेलकर्मियों के सामूहिक और सम्मिलित योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके फलस्वरूप पूर्व में हमारी रेल को भारतीय रेल स्तर पर राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान हासिल हुआ है तथा विगत दो वर्षों के दौरान हमारे कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की निरीक्षण बैठकों में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के कार्यों की प्रशंसा की गई। श्री चौधरी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि राजभाषा के कार्यान्वयन में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) की मदों, पत्राचार, टिप्पणी, निरीक्षण रिपोर्ट, बैठक की कार्यवाही आदि में राजभाषा के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना तथा उन्हें बनाए रखना सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है। सभी सदस्य इन मदों में राजभाषा की प्रगति पर नजर रखें तथा पाई जाने वाली कमियों को दूर कराएं। स्टेशनों पर ग्राहक सुविधा एवं सेवा के परंपरागत कार्यों के अतिरिक्त नई और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यात्री एवं ग्राहक सुविधा और सेवा की सभी मदों में अपेक्षानुसार हिंदी तथा हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी रूप का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक से पूर्व महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा मुख्यालय की राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' का विमोचन किया गया।

बैठक के प्रारंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नवीन कुमार सिन्हा ने समिति के सभी सदस्यों को राजभाषा का प्रयोग प्रसार बढ़ाने के लिए किए गए कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि पिछली बैठक के बाद से अब तक 6 हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की गई। 'महात्मा गाँधी के जीवन, कर्म, दर्शन और हिंदी' विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह और संविधान दिवस के अवसर पर हिंदी में निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा साहित्यिक संगोष्ठियां भी आयोजित की गईं।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एम.एन. ओझा ने धर्मवीर भारती के साहित्य पर चर्चा करते हुए कहा कि धर्मवीर भारती का साहित्य ऐसी रूमानी संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है, जिसके शिल्प एवं वस्तु संयोजना में मिथकीय, ऐतिहासिक और समाकलीन यथार्थ तथा आधुनिक भावबोध एवं तीक्ष्ण अंतर्द्वंद्व की समवेत अभिव्यंजना हुई है। भारती की कोमलकांत शब्द योजना सुमित्रानंदन पंत से भी अधिक हृदयग्राही है। भारती के उपन्यास गुनाहों का देवता, सूरज का सातवां घोड़ा, काव्यनाटक अंधायुग तथा काव्यकृति कनुप्रिया हर पीढ़ी के पाठकों की प्रिय रचनाएं हैं। उन्होंने समकालीन लोकप्रिय पत्रिका धर्मयुग का संपादन कर उसे साहित्य एवं संस्कृति के साथ साथ विवि?ध क्षेत्रों में श्रेष्ठता के शीर्ष पर पहुँचा दिया। उनके नाट्य गीत 'अंधायुग' की शुरूआत उनके प्रारंभिक कविता 'सात गीत वर्ष' की पंक्ति ''मैं टूटा हुआ पहिया हूँ, फेको मत' में देखी जा सकती है। मिथकों के प्रयोग और संयोजनकी दृष्टि से अंधायुग हिंदी की सर्वश्रेष्ठ रचना है। श्री ओझा ने अंधायुग तथा कनुप्रिया के कईं अंशों का प्रभावशाली पाठ किया।

बैठक में अपर महाप्रबंधक रंजन यादव सहित सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधकों एवं अन्य सदस्य अधिकारियों ने आन लाइन भाग लिया। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालयों में हो रही राजभाषा प्रगति से महाप्रबंधक को अवगत कराया। बैठक का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय द्वारा किया गया।

## संक्षेप समाचार

### संयुक्त अधिवक्ता संघ कार्यकारिणी का शपथ आज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज मंगलवार को तहसील परिसर मे अपरान्ह एक बजे होगा। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी शामिल होगें। समारोह की अध्यक्षता कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना करेंगी। उक्त जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व महामंत्री रामकुमार पाण्डेय ने बताया कि समारोह मे भारतीय संविधान मे समता के अधिकार पर परिचर्चा भी होगी।

### दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

**लालगंज।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने युवती के साथ रास्ते में दुष्कर्म के प्रयास तथा धमकी को लेकर दर्ज मुकदमे के आरोपी को हिरासत में लेकर रविवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के हरिहरपुर मनुहार निवासी गनेशीलाल सरोज ने मुकदमा दर्ज कराया था कि बीती सोलह दिसंबर को उसकी पुत्री प्रीती(20) ननिहाल से घर आ रही थी। रास्ते में उमापुर भटनी निवासी सुरेश मौर्य उसकी पुत्री को जबरिया झाडी में खींच ले गया। आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और उसके कपड़े फाड़ने लगा। पीडिता की चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी पीड़िता को धमाकी देते भाग निकला। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज राजेश शुक्ला ने रविवार की सुबह मुखबिरी सूचना पर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने दोपहर बाद आरोपी सुरेश को जेल भेज दिया।

### कार क्षतिग्रस्त करने पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन द्वारा कार को टक्कर मारने को लेकर पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज किया है। वाराणसी जिले के हनुमान कालोनी निवासी वेदप्रकाश सिंह ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस दिसंबर को वह अपनी कार से लखनऊ से वाराणसी जा रहे थे। लालगंज के समीप भोर मे तीन बजे अज्ञात वाहन के चालक ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने तथा क्षति का केस दर्ज किया है।

# धान क्रय केन्द्र का आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त आर रमेश कुमार एवं आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को ओसा मण्डी धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मण्डलायुक्त ने वहां पर उपस्थित किसानों से भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि धान को बेचने में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न होने पाये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि क्रय केन्द्रों पर आने वाले छोटे किसानों को वरीयता देते हुए उनके धान को पहले क्रय कर लिया जाये। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि धान खरीद में किसी भी बिचौलिए का हस्ताक्षेप नहीं होना चाहिए, बिचौलियों से किसी भी दशा में धान न खरीदा जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने धान खरीद की प्रगति एवं व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है। इस अवसर पर संयक्त विकास आयुक्त देवराज यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अभिनन्दन, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी मंझनपुर राजेश कुमार चन्द्रा, डिप्टी आरएमओ अंशुमाली सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मंझनपुर थाने का मण्डलायुक्त एवं आईजी ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त आर रमेश कुमार एवं आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह सोमवार को मंझनपुर थाने पहुँचे और कोविड-19 हेल्पडेस्क व महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने महिलाओं द्वारा की गयी शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। थाने में महिला हेल्प डेस्क में मौजूद रजिस्टर में दर्ज एवं निस्तारित हुई शिकायतों की सत्यता जॉच करने के लिए उसमें दर्ज मोबाइल नम्बर पर दोनो अधिकारियों ने फोन से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मण्डलायुक्त एवं आईजी ने महिला हेल्पडेस्क में तैनात कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओ द्वारा की गयी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीला हवाली न की जाये, प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण कर दिया जाये, जिससे किसी भी महिला को शिकायत के निस्तारण के लिए भटकना न पडे.। इस अवसर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अभिनन्दन, संयक्त विकास आयुक्त देवराज यादव, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी मंझनपुर राजेश कुमार चन्द्रा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विकास खण्ड कार्यालय मूरतगंज का भी किया औचक निरीक्षण लिया विकास कार्यों का जायजा

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त श्री आर रमेश कुमार ने सोमवार को विकास खण्ड कार्यालय मूरतगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने विकास खण्ड परिसर के सभी कार्यालय कक्षों सहित साफ-सफाई को भी देखा। निरीक्षण में उन्होने शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी से सामुदायिक शौचालयों, पंचायत भवनों, प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मण्डलायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कराये जा रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को मुख्यमंत्री आवास एवं प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओ से लाभान्वित करायें। इस अवसर पर आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह, सयुक्त विकास आयुक्त देवराज यादव मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी चायल श्रीमती ज्योति मौर्या खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



धान खरीद केंद्र का निरीक्षण करते मंडलायुक्त प्रयागराज साथ में मौजूद आईजी जोन



मंझनपुर कोतवाली का निरीक्षण कर वापस लौटते कमिश्नर और आईजी

## सांसद ने गरीबो के बीच वितरित किया शाल

**कौशांबी।** बढ़ती ठंड के बीच गरीबों की मदद के लिए लोगों के हाथ खुल चुके हैं कहीं ग्राम प्रधान और लेखपाल कंबल वितरण कर रहे हैं तो कहीं स्वयंसेवी संस्था द्वारा गरीबों को कंबल और शॉल वितरित किया जा रहा है कौशांबी सांसद विनोद सोनकर भी गरीबों के बीच पहुंचे हैं और उन्हें ऊनी वस्त्र शॉल कंबल दिए हैं सांसद द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के गरीब कमजोर मजलूम और जरूरतमंद लोगों को ठंड में शॉल दिए गए हैं सांसद के द्वारा शॉल मिलने के बाद लोगों ने सांसद का गुणगान किया है सांसद ने कहा कि जिस गरीब के पास ठंड से बचाव के संसाधन नहीं है वह उन्हें बताएं उसे ठंड से बचाव की व्यवस्था कराई जाएगी सांसद ने कहा कि जरूरतमंदों को कंबल शॉल उपलब्ध कराया जाएगा बदलते मौसम के बीच ठंड बढ़ चुकी है और शीत लहर कोहरे के कारण गरीबों का इस ठंड में जीना मुहाल हो गया है सुबह से धूप नहीं निकलती है जिससे गरीबों के सामने दिक्कतें बढ़ गई हैं।




गरीबों को कम्बल वितरित करते सांसद

# कमियों पर पर्दा डालकर विभागीय अधिकारियों ने कर दिया सब कुछ ओके

**विकास योजनाओं की हकीकत है रूबरू कराने के बजाय विकास भवन के अधिकारियों ने आयुक्त को गुमराह करने का किया भरसक प्रयास**

**कौशाम्बी।** भ्रष्टाचार भयमुक्त का नारा देने वाली भाजपा सरकार पुराने सरकार के ढर्रे पर चल कर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है जबकि वास्तविकता कुछ अलग है सिराथू तहसील क्षेत्र के जमाल मऊ गांव में आयुक्त इलाहाबाद मंडल का निरीक्षण लगा है और इस निरीक्षण के पूर्व वहां की पूरी कमियों पर विभागीय अधिकारियों ने पर्दा डालकर गांव को ऑल ओके कर दिया है आयुक्त के आगमन की जानकारी मिलने के बाद विकास भवन के कई अधिकारियों ने गांव में डेरा डाल दिया है दर्जनों सफाई कर्मियों को लेकर पूरे गांव को चाक-चौबंद किया जा रहा है अब सवाल उठता है कि केवल आयुक्त के निरीक्षण के लिए मुख्यमंत्री ने साफ-सफाई का निर्देश दिया तो यह अलग बात है और यदि गांव को साफ सुथरा रखने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था तो आयुक्त के कार्यक्रम के पूर्व गांव की साफ सफाई क्यों नहीं सुनिश्चित की गयी झूठी रिपोर्ट तैयार कर शासन प्रशासन को प्रत्येक महीने भेजने वाले जिम्मेदारों ने क्यों हकीकत से सरकार को दूर रखा है गांव में सफाई कर्मियों की तैनाती थी और उन्हें बिना कार्य का सेक्रेटरी द्वारा प्रत्येक महीने उपस्थित दर्ज कर वेतन दिया जा रहा था इस गांव की सेक्रेटरी कभी गांव नहीं आती है उन्हें अपने पर गरूर हैं कि वह सिकरेट्री हैं गिर भी सेक्रेटरी का वेतन प्रत्येक महीने खजाने से निकल जाता है ऐरा गैरा उनके नाम पर काम करते हैं और ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ देने के नाम पर खुलेआम वसूली करते हैं पूरी जानकारी जिला पंचायत राज अधिकारी को है ड्यूटी ना देने वाली सेक्रेटरी के कारनामों के शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी से हुई है लेकिन सेक्रेटरी का बाल बांका जिला पंचायत राज अधिकारी नहीं कर सके हैं अब दोनों के बीच क्या मामला है यह जांच का विषय है अब सवाल उठता है कि जमाल मऊ गांव में विकास योजनाओं के नाम पर पानी की तरह सरकारी पैसा बहाया गया है लेकिन इस गांव में सरकारी योजनाएं जमीनी हकीकत में नहीं उतर सकी और आयुक्त के आने के पूर्व अधिकारियों को पूरी तैयारी फिर से करनी पड़ी दर्जनों सफाई कर्मियों को सुबह से गांव में लगा दिया गया है और विकास योजनाओं की हकीकत पर पर्दा डालने का भरसक प्रयास विकास भवन के जिम्मेदारों ने किया है तो फिर 24 घंटे के भीतर विभाग के अधिकारियों द्वारा जमाल मऊ गांव में की गई तैयारी का निरीक्षण कर आयुक्त शासन को रिपोर्ट सौंपेंगे या फिर 24 घंटे पूर्व जो जमीनी हकीकत में इस गांव की स्थिति थी उस स्थिति को संज्ञान लेकर विकास योजनाओं पर पर्दा डालकर आयुक्त को गुमराह करने वाले अधिकारियों पर आयुक्त कार्यवाही करेंगे।



आयुक्त के आने के पूर्व साफ-सफाई करते सफाई कर्मी।

# शहर की पांच दुकानों का शटर तोड़कर चोरी

**प्रतापगढ़।** चैक में मेडिकल स्टोर से हुई पौने 4 लाख की चोरी का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि चोरों ने फिर पुलिस को चुनौती दे दी। रविवार रात चोर पांच दुकानों का शटर तोड़कर नकदी व सामान उठा ले गए। चोरों का बेखौफ अंदाज देख पुलिस गश्त पर लोग सवाल उठा रहे हैं।नगर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर मोहल्ले में बंधन बैंक के बगल ब्रांडेड रेडीमेड कपड़े का शोरूम है। रविवार रात चोर शटर को टेढ़ा करके हजारों का सामान व गल्ले में रखे करीब 53 हजार रुपये उठा ले गए। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक भोर में 4 बजे दो युवकों ने घटना अंजाम दी है। दोनों चेहरे में मास्क लगाए थे। बोरी में भरकर नए कपड़े भी ले गए। इसी तरह भगवा पुलिस चैकी से कुछ दूरी पर स्थित अरुण प्रताप सिंह की ऑटो पॉर्ट्स की दुकान से लगभग 32 हजार रुपये व लगभग 20 हजार रुपये कीमत का ऑयल चोरी कर ले गए।



इसके ठीक बगल स्थित आलोक पांडेय की दुकान से लगभग 20 हजार का सामान व कार पैलेस के संचालक पवन विश्वकर्मा की दुकान से लगभग 10 हजार की कीमत के कार सजावट के सामान एवं गल्ले में रखे 4 हजार रुपये उठा ले गए। इसी तरह सियाराम कॉलोनी के सामने भारत इंजन पाट्र्स के संचालक मो. आसिफ की दुकान से 10 हजार रुपये का सामान व गल्ले में रखे 20 हजार नकदी समेट लिया। सोमवार सुबह चोरी की जानकारी होने के बाद पुलिस पहुंची। पांच चोरियों की खबर फैलते ही भीड़ जुटने लगी। दुकानदार पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताने लगे।सीसीटीवी में दिख रहे तीन चोरबलीपुर में बंधन बैंक के बगल जिस कपड़े के शोरूम में चोरी हुई उसमे सीसीटीवी कैमरा लगा था। कैमरे को देखने के बाद पुलिस का मानना है कि चोरों की संख्या 2 से 3 थी। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि पांचों चोरियां एक ही गिरोह ने की है या अलग-अलग गिरोह ने।चोरों का पता लगाने के लिए कई अलग-अलग प्रयास किए जा रहे हैं। ठंड में चोरों की सक्रियता देख गश्त बढ़ा दी गई है।

## रात में मामूली राहत, दिन में बढ़ी गलन

प्रतापगढ़। जिले में ठंड का कहर रविवार को भी जारी रहा। शनिवार रात तापमान में मामूली उछाल से कुछ राहत रही लेकिन दिन का तापमान ढाई डिग्री सेल्सियस से अधिक गिर गया। इससे लोग घर के भीतर भी ठिठुरते रहे। अलाव व हीटर ही सहारा बना है। तीन दिन से सर्द हवा चलने से ठंड पूरी रौ में आ गई है। शुक्रवार रात तापमान में रिकार्ड गिरावट के कारण ठंड ने चार साल का रिकार्ड तोड़ दिया। शुक्रवार रात का तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस था, लेकिन शनिवार रात कोहरे के बीच तामपान में मामूली उछाल आया और यह 4.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रात के कोहरे का असर रविवार को दिन में भी दिखा। दोपहर तक धूप के दर्शन नहीं हुए और लोग गलन से परेशान रहे। दोपहर बाद धूप दिखी लेकिन वह बेअसर रही। इस कारण दिन का अधिकतम तापमान भी शनिवार के मुकाबले गिर गया। दिन का अधिकतम तापमान 19 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कड़ाके की ठंड से लोग परेशान रहे।

# अपात्रों को लाभ देने पर ब्लॉक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** आवास एवं पेंशन के लाभ से वंचित अठेहा के ग्रामीणों ने बीडीओ को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराने की मांग की है। सांगीपुर विकास खंड की अठेहा ग्राम पंचायत की करीब तीन दर्जन से अधिक महिलाएं एवं पुरुष गांव में आवास एवं पेंशन का लाभ अपात्रों को देने के विरोध में प्रधान एवं सेक्रेटरी के खिलाफ बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद गांव की महिलाओं एवं पुरुषों ने सोमवार को ब्लॉक पहुंचकर इसका विरोध किया।आरोप लगाया कि गांव के प्रधान और सेक्रेटरी ने पात्रता सूची में फेरबदल करते हुए अपात्र लोगों को आवास की सुविधा दी, जबकि पहले से सूची में प्रतीक्षारत पात्र लोगों के नाम या तो सूची से कटवा दिए गए हैं या फिर वरीयता क्रम में फेरबदल करके उनकी जगह अपात्र लोगों को सुविधा दी गई है। गांव में हो रही इस तरह की धांधली और अनिमितता को लेकर सेक्रेटरी को आगाह भी किया गया, लेकिन प्रधान के दबाव के आगे उनकी एक भी नहीं चली। बीडीओ समा सिंह की गैरमौजूदगी में प्रधान लिपिक बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने ज्ञापन लेकर बीडीओ को समस्या से अवगत कराने की बात कही। ज्ञापन देने वालों में राजकुमारी, राजदेई, सीमा, अनीता, रामसजीवन, क्रांति, सुन्दरा, सावित्री, अनीता आदि शामिल रहीं।



ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराने की मांग।

## परशुराम सेना की बैठक में संगठन का हुआ विस्तार

**प्रतापगढ़।** सोमवार को जिला कचेहरी प्रतापगढ़ प्रांगण में परशुराम सेना संगठन की बैठक आयोजित की गई । जिसमे परशुराम सेना के द्वारा आगामी महीनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई । राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित प्रदीप शुक्ला एडवोकेट की उपस्थिति में संगठन का विस्तार किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पण्डित अनिल पांडेय स्वतंत्र एडवोकेट को जनपद प्रतापगढ़ का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया ।इसके साथ ही समाजसेवी संजय शुक्ला को मंडल अध्यक्ष प्रयागराज राजीव मिश्रा को मंडल उपाध्यक्ष पंकज मणि त्रिपाठी को मंडल प्रवक्ता सूरज उपाध्याय को जिलाध्यक्ष छात्रसंघ आलोक आचार्य को धर्मार्थ विंग का मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया । इसके साथ ही जनपद के विधानसभा तहसील ब्लॉक न्यायपंचायत की कार्यकारिणी का गठन किया गया। उपस्थित नए पदाधिकारियों ने भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी नए पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर भव्य माल्यार्पण कर सम्मानित किया । कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता अनूप त्रिपाठी जिला प्रभारी छात्रसंघ अभिषेक मिश्रा विवेक टोनी मनीष दुबे ओमप्रकाश तिवारी पवन पांडेय शैलेश मिश्रा भूपेंद्र तिवारी काजू अंकित दुबे सहित सैकड़ों पदाधिकारी ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा युवा मंच का गठन

**प्रतापगढ़।** जनपद की अग्रणी समाज सेवी संस्था जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट ने जनपद के युवाओं को समाज मे आर्थिक व सकारात्मक बदलाव के लिए संगठित करने हेतु युवा मंच का गठन करने के अवसर पर एक परिचर्चा आयोजित की जिसका विषय ₹युवा वर्गः चुनौतियां एवं सम्भावनाएं₹था।

युवाओं पर केंद्रित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयागराज के प्रख्यात शिक्षाविद व उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो कृष्ण बिहारी पाण्डेय जी ने की तथा मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ के रूप में अपर जिलाधिकारी शत्रोहन वैश्य मौजूद रहे। स्थानीय मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 विनोद शुक्ल, प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा0बृजभान सिंह व प्रयागराज के प्रख्यात संस्कृतिकर्मी व कलाविद अतुल द्विवेदी, विशिष्ट अतिथिगण के रूप में उपस्थित रहे। मंगल-दीप के प्रज्ज्वलन के बाद डॉ विनोद शुक्ल जी ने अपने आशीर्वचन में उपस्थित युवाओं को सत्कार्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी व कार्यक्रम की आयोजिका डॉ शिवानी मातनहेलिया को इस अनूठे आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ बृजभानु सिंह जी ने अपने उद्बोधन में मुख्य रूप से इस बात पर बल दिया कि चुनौतियों का भी मुकाबला युवा डटकर करें। उन्होंने प्रेरक गीत गा कर युवाओं में जोश का संचार किया ₹दुख से मत घबराना पंछी, ये जग दुख का मेला है₹। इसके पश्चात जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट की संस्थापक व अध्यक्ष तथा कार्यक्रम की आयोजिका डॉ शिवानी मातनहेलिया ने अपने प्रेरक व प्रभावशाली उदबोधन में युवा-मंच के उद्देश्य, आवश्यकता व भावी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अराजकता, अव्यवस्था व अविश्वास के इस वातावरण में नकारात्मकता की लकीर को छोटा करने के लिए सकारात्मक की बड़ी लकीर खींचा जाना आवश्यक है। उनकी स्वरचित कविता ₹है युवा जो वक्त की रफ्तार को बढ़ थाम ले₹ ने बड़े सटीक ढंग से युवाओं को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि शत्रोहन वैश्य ने अपने भाषण में भारत के यूथ आइकॉन स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के अनेक प्रसंगों का उल्लेख कर इस बात पर विशेष बल दिया कि युवाओं को अपने रास्ते खुद बनाने के लिए उपयुक्त हिम्मत खुद में पैदा करनी होगी। विशिष्ट अतिथि श्री अतुल द्विवेदी जी ने अपने उदबोधन में कहा कि युवाओं को अपने सामने आने वाली चुनौतियों को अवसर के रूप में लेना होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो0 कृष्ण बिहारी पाण्डेय जी ने अपने छात्र कालीन जीवन के अनुभव सुनाकर युवाओं को प्रेरित किया।इस अवसर पर प्रो0 पाण्डेय जी को ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ0 शिवानी मातनहेलिया ने उनका विस्तृत परिचय पढ़ा।



कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के संगठन मंत्री बने संजय शुक्ल

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय व प्रांतीय समिति के अनुमोदन पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के जिला अध्यक्ष अजय पांडेय ने जिला कार्यसमिति की घोषणा की जिसमें संगठन मंत्री संजय शुक्ल को घोषित किया गया । चन्द्रशेखर तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष व महामंत्री बने बाबा नरेंद्र ओझा और वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर डा. आशीष सिंह, अमित मिश्रा, उपाध्यक्ष पद पर रामप्रताप पान्डेय, सुरेन्द्र तिवारी सागर बसंत श्रीवास्तव, रणजीत सिंह, पन्ना लाल गुप्ता, संगठन मंत्री पद पर अजय कुमार मिश्र, संजय कुमार शुक्ल, संयुक्त मंत्री पद पर राजीव तिवारी, संदीप सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर अशोक तिवारी, मीडिया प्रभारी पद पर राजेश पाठक, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र मिश्र राष्ट्रीय प्रतिनिधि देवानंद मिश्र, रवीश तिवारी, प्रान्तीय प्रतिनिधि धीरेंद्र कुमार सिंह, सरवर आलम व मंडलीय प्रतिनिधि मनोज कुमार आदि रहे।



चौपाल में त्वरित निस्तारण में लगे एसओ व सिपाही

## एसओ संग्रामगढ़ ने चैपाल लगाकर किया त्वरित निस्तारण

**प्रतापगढ़।** जनपद के संग्रामगढ़ थाना में तेज तर्रार प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने आज जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान करने हेतु जनता चैपाल लगाकर फरियादियो की शिकायतें सुनी तथा उन शिकायती पत्र के आधार पर त्वरित निस्तारण करते हुए कार्यवाही करने का निर्देश दिया।आज एसओ संग्रामगढ़ ने महादेव सरोजेध्व जगन सरोज निवासी काजीपुर कुसेमर ,शांति देवीूध्व बुधलाल निवासी काजीपुर कुशेमर,सुनीता देवीूध्व बाबूलाल निवासी बेहलमाई तथा लाल जी पटेल आदि की शिकायतो का त्वरित निस्तारण किया तथा कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया।एसओ के इस प्रकार के सामाजिक व्यवहार से आम जनमानस में न्याय के उम्मीद की लहर दौड़ गई।